संख्या– 92 / 44 / XXVI-A-1 / 2024

प्रेषक,

दीपक कुमार,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग,
उत्तराखण्ड।

कार्यक्रम क्रियान्वयन अनुभाग                देहरादून, दिनांकः 04 मार्च, 2025

**विषय : "मेरी योजना" पुस्तकों में उल्लिखित योजनाओं/सेवाओं का डीआईपीआर सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से प्रचार प्रसार किये जाने विषयक।**

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा, राज्य में समस्त विभागों की योजनाओं को संकलित कर, "मेरी योजना– राज्य सरकार" की 02 पुस्तकें गत वर्ष 2023 एवं 2024 में प्रकाशित की गयी तथा केन्द्र सरकार के उत्तराखण्ड में स्थापित मुख्य विभागों/संस्थाओं/संगठनों की योजनाओं को संकलित कर, "मेरी योजना–केन्द्र सरकार" पुस्तक वर्ष 2025 में तैयार की गयी, जिसे आपके विभाग के सहयोग से मुद्रित किया गया।

2. समस्त योजनाओं/सेवाओं की जानकारी आमजन तक आसानी से पहुंचे इस हेतु ऑनलाइन माध्यम से प्रसारित करने के निर्देश मा0 मुख्यमंत्रीजी द्वारा दिये गये हैं।

अतः उक्त संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया "मेरी योजना" राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार की समस्त 03 पुस्तकों के पीडीएफ फार्मेट को, जिसको वैबसाइट https://uk.gov.in के लिंक ( https://uk.gov.in/pages/meri-yojna-book ) से डाउनलोड कर सकते हैं, को डाउनलोड कर, अपने विभाग की वैबसाइट में अपलोड करते हुए, संबधित योजनाओं/सेवाओं का नाम/लाभ/पात्रता पर डिजिटल पम्पलेट बनाकर तथा संबंधित पम्पलेट में प्रक्रिया की सम्पूर्ण जानकारी के संबंध में "मेरी योजना–पुस्तक" लिखकर तीनों पुस्तकों के लिंक को भी शेयर करने का कष्ट करें, ताकि यदि कोई अन्य योजनाओ/सेवाओं के संबंध में या उनकी प्रक्रिया के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त करना चाहता है, तो कर सके।

भवदीय,

(दीपक कुमार)
सचिव।

o/c